StudentBounty.com

# अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय,दम्माम

## द्वितीय औपचारिक परीक्षा 2014

विषय-हिंदी　　कक्षा-छठी　　अंक-90　　समय-3 धंटे

निर्देशः　1) इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं (क) और (ख) ।

2) प्रश्न संख्या सावधानीपूर्वक लिखें ।

3) इस प्रश्नपत्र में कुल 19 प्रश्न हैं ।

## SET-A

## (खंड - क)

प्र.1- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x4=8)

(क) मौखिक भाषा का जीवन में क्या महत्त्व होता है?

(ख) आश्रम में काम करने या करवाने का कौन सा तरीका गांधी जी अपनाते थे ?

प्र.2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई तीन) (3x3=9)

(क) ऐसे कौन-कौन से बहाने होते हैं जिन्हें मास्टर जी एक ही बार में सुनकर समझ जाते हैं?

(ख) तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है?

(ग) अगर प्यार नहीं होगा तो जग कैसा हो जाएगा ?

(घ) बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है बूढ़े बाँस में कौन सी विशेषता होती है? जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?

प्र.3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई चार) (4x2=8)

(क) बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी ?

(ख) संकट के समय के लिए कौन-कौन से नंबर याद रखे जाने चाहिए ?

(ग) हमने भगवान को कहाँ-कहाँ बाँट लिया है ?

(घ) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ?

(ङ) आश्रम में कालेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन सा काम करवाया और क्यों ?

प्र.4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-(कोई पाँच) (5x1=5)

(क) नौकर पाठ के लेखक का क्या नाम है ?

(ख) घाटी और मैदान को किसका संदेश नहीं मिला है ?

(ग) इतिहास से पहले के काल को क्या कहते हैं ?

(घ) बाँस से बनाई जाने वाले दो चीजों के नाम लिखिए ?

(ङ) मोहन किस क्लास का छात्र था ?

(च) गांधी जी के पत्नी की क्या नाम था?

(छ) पतली खपच्चियाँ कैसे होते हैं?

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

प्र.5- निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए- (कोई चार) (4x1=4)

(क)बला (ख)सहायता (ग)सिलसिला (घ)कल्पना (ङ)अस्वस्थ (च)हुनर

प्र.6- निम्न शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिये- (कोई चार) (4x1=4)

(क)तादाद (ख)गर्व (ग)तरकीब (घ)गलीचा (ङ)तबीयत (च) आश्रम

## (खंड - ख)

प्र.7- 'मेरा विद्यालय' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (1x5=5)

प्र.8- निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए- (कोई तीन) (3x1=3)

(क) मेरेको आम अच्छा लगता है।

(ख) मेरे पिताजी दफ्तर गई हैं।

(ग) यह पुस्तक अक्षरों सा बनी है ।

(घ) दीवार पर नहीं लिखो ।

प्र.9- निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए- (कोई छह) (6x1\2=3)

(क) सुर्य (ख)बिसतर (ग)बिमार (घ)पड़सिन (ङ)सबरमती (च)आदमि (छ)अकैला

प्र.10- निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिए-(कोई चार ) (4x1=4)

(क) काम से जी चुराने वाला -

(ख) जो पुरुष कविता रचता है -

(ग) जिसमें बल हो -

(घ) शिक्षा देने वाला-

(ङ) जंगल में रहने वाला-

प्र.11- निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (कोई तीन) (3x1=3)

(क) उपवन (ख) आँख (ग) जल (घ) बादल (ङ) नौकर

प्र.12- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (कोई तीन ) (3x1=3)

(क) सुपुत्र (ख) लाभ (ग) एकता (घ)आदान (ङ)कायर (च) आदि

प्र.13- निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए-(कोई तीन ) (3x1=3)

(क) बस्ता (ख) पुस्तक (ग) ऋतु (घ) भैंस (ङ) छाता (च) चींटी

प्र.14- निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए-(कोई तीन ) (3x1=3)

(क) सुत (ख) श्रीमान (ग) चूहा (घ) ठाकुर (ङ) दादा (च) सखा

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

प्र.15- निम्न रेखांकित शब्दों के संज्ञा के भेद लिखिए-(कोई पाँच ) (5x1=5)

(क) गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे।

(ख) गेहूं से रोटी बनते हैं ।

(ग) आज मैं बहुत खुश हूँ।

(घ) दम्माम एक बड़ा शहर है।

(ङ) चाबी का गुच्छा लाओ ।

(छ) आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं ।

प्र.16- निर्देशानुसार उत्तर लिखिए- 5x1=5)

(क) मोहन सिर्फ एक केला और एक --------- खाया था । (सेब \ संतरा)

(ख) गांधी जी बैरिस्टरी से ------------- रुपये कमाते थे । (हज़ारों \ लाखों)

(ग) `मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के कवि कौन है । (सुमित्रानंदन पंत \ मानसी पंत)

(घ) पुत्र शब्द का पर्यायवाची शब्द है (बालक ,बेटा \ सुत , बेटा)

(ङ) अक्षरों की खोज के सिलसिले को शुरु हुए --------- हजार साल हुए हैं। (छह \ सात)

प्र.17- निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-

(5x1=5)

हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा,परबत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें
हम चाहें तो चट्टानो में पैदा कर दें राहें

i. मेहनतवोलों को किसने रास्ता छोड़ा ?

(क) जंगल (ख) सागर (ग) नदी

ii. फ़ौलादी किसे कहा गया है ?

(क) सीने और बाँहें (ख) पैर और बाँहें (ग) आँख और बाँहें

iii. चट्टानों में राहें कौन पैदा कर सकते हैं ?

(क) किस्मत वाले (ख) मेहनत वाले (ग) ताकत वाले

iv. इस गीत के गीतकार कौन है ?

(क) साहिर लुधियानवी (ख) विनय महाजन (ग) तुलसीदास

v. उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए -

(क) मैं सबसे छोटी होऊँ (ख) मत बाँटो इंसान को (ग) साथी हाथ बढ़ाना

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**प्र.18-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-**

(5x1=5)

कई साल पहले ओलंपिक खेलों के दौरान एक विशेष दौड़ होने जा रही थी। सौ मीटर की इस दौड़ में एक गज़ब की घटना हुई। प्रतिभागी शुरुआत की रेखा पर तैयार खड़े थे। उन सभी को कोई-न-कोई शारीरिक विकलांगता थी।

सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। बहुत तेज तो नहीं, पर उनमें जीतने की होड़ ज़रूर तेज़ थी। सभी जितने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े। सभी, बस एक छोटे से लड़के को छोड़कर। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर लड़खड़ाया, गिरा और रो पड़ा।

i. किस खेल के दौरान विशेष दौड़ होने वाली थी?

(क) एशियाई खेल

(ख) ओलंपिक खेल

(ग) कॅमनवेल्थ खेल

ii. इस खेल में कितने मीटर की दौड़ हो रही थी ?

(क) दो सौ मीटर की दौड़

(ख) तीन सौ मीटर की दौड़

(ग) एक सौ मीटर की दौड़

iii. इस खेल के प्रतिभागी किस प्रकार के थे ?

(क) शारीरिक विकलांग थे

(ख) मानसिक विकलांग थे

(ग) साधारण बच्चे थे

iv. किसे छोड़ कर सभी दौड़ने लगे ?

(क) एक बूढ़े आदमी को छोड़कर

(ख) एक छोटे से लड़के को छोड़कर

(ग) एक औरत को छोड़कर

v. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक है -

(क) एक दौड़ ऐसी भी

(ख) खेल कूद

(ग) आगे बढ़ने की इच्छा

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

प्र.19-निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- (5x1=5)

StudentBounty.com

एक जादूगर थे चंगकीचंगलनबा। अपने जीवन में उन्होंने कई बड़े-बड़े करतब दिखलाए। जब मरने को हुए तो लोगों से बोले,"मुझे दफ़नाए जाने के छठे दिन मेरी कब्र खोदकर देखोगे तो कुछ नया सा पाओगे।"

कहा जाता है कि मौत के छठे दिन कब्र खोदी गई और उसमें से निकले बाँस की टोकरियों के कई सारे डिजाइन । लोगों ने उन्हें देखा ,पहले उनकी नकल की और फिर नए डिजाइन भी बनाए।

i. जादूगर का क्या नाम था ?

(क) चंगकीचंगलनबा

(ख) चंबल नबा

(ग) मंगल नबा

ii. उन्होंने अपने जीवन में क्या-क्या दिखलाए थे ?

(क) बड़े-बड़े कसरत

(ख) बड़े-बड़े करतब

(ग) बड़े-बड़े खेल

iii. दफ़नाने के कितने दिनों में उनकी कब्र खोदी गई ?

(क) मौत के छठे दिन

(ख) मौत के पाँचवें दिन

(ग) मौत के चौथे दिन

iv. जादूगर के कब्र से क्या-क्या मिला ?

(क) चटाइयों के कई सारे डिजाइन

(ख) टोकरियों के कई सारे डिजाइन

(ग) खिलौने के कई सारे डिजाइन

v. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) ऐसे-ऐसे

(ख) अक्षरों का महत्त्व

(ग) साँस-साँस में बाँस

समाप्त

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers